**प्रमुख वन संरक्षक, (HoFF) उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा की अध्यक्षता में दि0 12.01.2026 को वन मुख्यालय, उत्तराखण्ड स्थित मंथन सभागार में आयोजित उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की कार्यकारी समिति की 15वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति :–** संलग्न सूची अनुसार (संलग्नक–1)।

सर्वप्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सदस्य सचिव–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा तथा प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा कार्यकारी समिति की 15वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए विधिवत बैठक आरंभ की गई। निर्धारित ऐजेन्डावार कार्यवाही से पूर्व अध्यक्ष महोदय द्वारा कैम्पा निधि की वर्तमान स्थिति से समिति को अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

समिति को अवगत कराया गया कि वार्षिक कार्ययोजना के आकार के निर्धारण हेतु CAF Act, 2016 तथा CAF Rules, 2018 के प्रावधानों का संज्ञान लिया जाता है। उक्त के प्रावधानों के अंतर्गत अनिवार्य गतिविधियों (Mandatory Activities) हेतु राज्य कैम्पा निधि में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष प्रभागों से प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के आधार पर धनराशि का निर्धारण तथा एन0पी0वी0 के अंतर्गत उपलब्ध कैम्पा निधि के 20 प्रतिशत की सीमा के भीतर (CAF Rules, 2018 के नियम 5(2) के अनुसार न्यूनतम 80% धनराशि कोर वानिकी गतिविधियों हेतु व नियम 5(3) के अनुसार अधिकतम 20% धनराशि ढांचागत विकास, प्रशिक्षण आदि हेतु) वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है। तद्नुसार उक्त व्यवस्था के तहत् वर्ष आगामी वर्ष 2026–27 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का आकार निम्नानुसार रू0 325.00 करोड़ निर्धारित किया गया है:–

धनराशि करोड़ रू0 में

| S. No. | CAMPA Activity | Fund Available with the State/UT as on 01.04.2025 | Outlay proposed during current FY |
|---|---|---|---|
| 1 | **Mandatory Activity** | | |
| | CA/PCA/Additional CA | 414.01 | 60.00 |
| | Catchment Area Treatment Plan | 170.97 | 40.35 |
| | Integrated Wildlife Management Plan | 49.74 | 15.00 |
| | Others | 411.49 | 15.19 |
| 2 | **Net Present Value** | 930.67 | 186.31 |
| 3 | **Interest** | 898.37 | 8.15 |
| 4 | **Other Components** | | |
| | **Total** | **2875.25** | **325.00** |

## ऐजेन्डा 15.1: उत्तराखण्ड कैम्पा कार्यकारी समिति की दिनांक 10.06.2025 को आयोजित 14वीं बैठक में लिए गये निर्णयों की पुष्टि एवं अनुपालनः

दिनांक 10.06.2025 को आयोजित कार्यकारी समिति की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त की बिन्दुवार अनुपालन आख्या सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा उक्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।

## ऐजेन्डा 15.2: वर्ष 2025–26 की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदत्त स्वीकृति, शासन से अवमुक्त बजट व उसके सापेक्ष आवंटन व व्यय प्रगति की अद्यतन स्थिति।

### 15.2.1 : वर्ष 2025–26 की वित्तीय प्रगतिः

समिति को अवगत कराया गया कि कार्यकारी समिति की 13वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में वर्ष 2025–26 हेतु अंतिमीकृत वार्षिक कार्ययोजना को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31.12.2024 को आयोजित संचालन समिति की दशम् बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था। संचालन समिति द्वारा वर्ष 2025–26 हेतु कुल रू0 439.50 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसे दिनांक 01 जनवरी, 2025 को ही भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा उक्त के क्रम में (एन0पी0वी0 मद में प्रथम व द्वितीय चरणों में स्वीकृत धनराशि को संशोधित करते हुए) कुल रू0 403.67 करोड़ का ए0पी0ओ0 स्वीकृत किया। स्वीकृत ए0पी0ओ0 के सापेक्ष शासन से रू0 357.67 करोड़ बजट की मांग की गई थी जिसके सापेक्ष शासन द्वारा पूर्ण धनराशि अवमुक्त की गई है।

शासन से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष बैठक की तिथि तक संबंधित प्रभागों को स्वीकृत लक्ष्यों के अंतर्गत रू0 307.63 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है व प्रभागों द्वारा IFMS की स्थिति के अनुसार रू0 128.40 करोड़ (42%) की धनराशि का व्यय कर लिया गया है।

उक्त का निम्न विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः–

धनराशि करोड़ रू0 में

| ITEMS | CA | OTHERS | CAT | IWLMP | NPV | INTEREST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S C Recommended | 72.00 | 20.00 | 55.00 | 10.00 | 262.50 | 20.00 | **439.50** |
| Approved by NA | 72.00 | 20.00 | 55.00 | 10.00 | 226.67 | 20.00 | **403.67** |
| Fund Released by UK Govt. | 60.00 | 20.00 | 35.00 | 10.00 | 226.67 | 6.00 | **357.67** |
| Allotted to IA's | 58.18 | 10.89 | 35.00 | 6.94 | 190.61 | 6.00 | **307.63** |
| Expenditure | 31.17 | 6.74 | 7.79 | 4.42 | 76.37 | 1.91 | **128.40** |
| % of Exp. Against Allotment | **54** | **62** | **22** | **64** | **40** | **32** | **42 %** |

प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा व्यय की धीमी प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया व निर्देश दिये गये कि व्यय में अपेक्षित प्रगति हेतु प्रभागों तथा उनके नियंत्रक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये जायें। समिति को अवगत कराया गया कि अधिकांश प्रगति जनवरी से मार्च माह के मध्य प्राप्त होने की संभावना है। इस हेतु वर्ष 2024–25 की माहवार व्यय प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार कुल आवंटित रू0 327.53 करोड़ के सापेक्ष माहवार व्यय की प्रगति निम्नानुसार रही:

| माह | वित्तीय प्रगति (रू0 करोड़ में) | वित्तीय प्रगति (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| दिसंबर 2024 | 108.00 | 33% |
| जनवरी 2025 | 169.77 | 52% |
| फरवरी 2025 | 222.24 | 68% |
| मार्च 2025 | 302.87 | 92% |

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025–26 में भी उक्त के आधार पर अपेक्षित व्यय प्रगति संभावित है। समिति उक्त से अवगत हुई।

**15.2.2 भौतिक प्रगति:**

उक्त के पश्चात् गत वर्षों में कैम्पा के अंतर्गत मुख्य मदों में प्राप्त प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया:–

**वृक्षारोपण एवं ए0एन0आर0**

समिति को अवगत कराया गया कि गत 03 वर्षों में निम्नानुसार कुल 14459.49 हे0 वृक्षारोपण व ए0एन0आर0 पूर्ण किया गया:

| वर्ष | क्षतिपूरक वनीकरण (है०) | अन्य वृक्षारोपण NPV (है०) | सहायतित प्राकृतिक पुनरोत्पादन (है०) | योग |
|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 1697.24 | 3035.25 | 1735.00 | 6467.49 |
| 2024-25 | 1518.23 | 1850.00 | 1237.50 | 4605.73 |
| 2025-26 | 789.46 | 767.50 | 1829.31 | 3386.27 |

समिति के समक्ष क्षतिपूरक वनीकरण से संबंधित वर्षवार प्रगति का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार वृक्षारोपण के कुल 59552.70 हे0 के लक्ष्यों के सापेक्ष संबंधित प्रभागों द्वारा वर्तमान तक 57951.61 हे0 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है।

**वनाग्नि सुरक्षा एवं प्रबंधन**

उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा प्रदेश में वनाग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक उपायों के क्रियान्वयन हेतु भी विभाग को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। गत 03 वर्षों में निम्नानुसार धनराशि का प्रावधान कर वनाग्नि सुरक्षा हेतु धनराशि का आवंटन किया गया:

| वर्ष | व्यय धनराशि ( रू0 करोड़) |
|---|---|
| 2023-24 | 3.40 |
| 2024-25 | 10.00 |
| 2025-26 (आवंटित) | 12.00 |

**रेंज स्तर तक के भवनों का निर्माण**

वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के दृष्टिगत गत 03 वर्षों में रेंज स्तर तक के कुल 128 भवनों का निम्नानुसार का निर्माण कार्य किया गयाः—

| 2023.24 | 2024.25 | 2025.26 |
|---|---|---|
| 30 | 53 | 45 |

**रोजगार सृजन**

कैम्पा के अंतर्गत कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में व्यापक स्तर पर स्थानीय लोगों हेतु रोजगार का सृजन किया जा रहा है। गत 03 वर्षों में कैम्पा के अंतर्गत निम्नानुसार कुल 164.80 लाख मानव दिवसों के समतुल्य संभावित रोजगार सृजन का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः

| 2023—24 | 2024—25 | 2025—26 (अनुमानित) |
|---|---|---|
| 43.66 लाख | 54.20 लाख | 66.94 लाख |

**<u>ऐजेन्डा 15.3: वर्ष 2026—27 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना।</u>**

समिति का अवगत कराया गया कि जैसा कि बैठक के आरंभ में वर्तमान में उपलब्ध कैम्पा निधि की स्थिति से समिति को अवगत कराया गया था, तद्नुसार कैम्पा के मुख्य घटकों के अंतर्गत निम्नानुसार वर्ष 2026—27 हेतु धनराशि का प्रावधान प्रस्तावित किया किया गया हैः—

धनराशि करोड़ रू0 में

| अनिवार्य/वचनबद्ध गतिविधियां | | | | एन0पी0वी0 (NPV) | अर्जित ब्याज (Accrued Interest) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षतिपूरक वनीकरण (CA) | कैट प्लान (CAT) | समेकित वन्यजीव प्रबन्धन (IWLMP) | अन्य विशिष्ट कार्य (others) | | | |
| 60.00 | 40.35 | 15.00 | 15.19 | 186.31 | 8.15 | **325.00** |

वर्ष 2026—27 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना का मदवार/गतिविधिवार विवरण निम्नानुसार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसका समिति द्वारा गहनता से अवलोकन करते हुए उक्त मदों में कुल रू0 325.00 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन महोदय की अध्यक्षता वाली **उत्तराखण्ड कैम्पा संचालन समिति (Steering Committee)** के समक्ष ले जाने हेतु सहमति व्यक्त की गई :—

धनराशि करोड़ रू0 में

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | Site-specific activities as per Section 6(a) of the CAF Act, 2016 | | | | | | | |
| 1 | Mandatory Activity | Compensatory Afforestation | Advance Soil Work (0 - Year) | ha | 1000.00 | 13.71 | 1,72,092 | Oct-Mar |
| | | | Nursery/Planting Stock (a) Raising (b) Nursery Maint. | No. | 7,59,773 35,86,930 | 4.20 | 58,996 | 12 months |
| | | | Planting Activities (1st Year) | ha | 800.00 | 5.60 | 82,008 | Plant – Jun-Sept Maint.–Jul-Mar |
| | | | Post Plantation Care/Maintenance of Plantations | ha | 15846.39 | 36.49 | 6,87,013 | 12 months |
| | | | **Sub-Total - CA** | | | **60.00** | **10,00,109** | |
| 2 | Mandatory Activity | Catchment Area Treatment Plan | Watershed management | As per DPR | 7 Nos. Lakhwar, Saung, Lohari Nagpala, Jamrani, Khutani, Sirkari-Byola - Rupsiabagar, Tankul CAT plans | 40.35 | 5,06,485 | 12 months |
| | | | **Sub-Total - CAT** | | | **40.35** | **5,06,485** | |
| 3 | Mandatory Activity | Integrated wildlife Management Plan | 1. Habitat management for flora and fauna | As per plan | As per Plan under Pithoragarh, Terai Central & Haridwar Divisions | 15.00 | 1,88,285 | 12 months |
| | | | **Sub-Total - IWLMP** | | | **15.00** | **1,88,285** | |
| 4 | Mandatory Activity | Other site-specific activities in accordance with FC proposal | Mandatory Plantations (Roadside Plantations) | Nos. | 11,262 | 3.24 | 13,326 | Plant – Jun-Sept Maint.–Apr-Mar |
| | | | Mandatory Plantations (Gap filling) | Nos./ ha | 7,771 Nos. 83.44 ha | 0.98 | 47,866 | Plant – Jun-Sept Maint.–Apr-Mar |
| | | | Mandatory Plantations (Dwarf Species) | ha | 91.06 | 3.52 | 67,992 | Plant – Jun-Sept Maint.–Apr-Mar |
| | | | d. River Training Works | LS | Gola, Kosi, Dabka etc. | 5.00 | 62,762 | Oct-Mar |
| | | | e. Eco-Restoration works against Elevated stretch of Delhi-Dehradun Expressway-NH-72A | LS | Ganeshpur to Dehradun elevated road | 2.45 | 35,879 | Oct-Mar |
| | | | **Sub-Total - Others** | | | **15.19** | **2,27,824** | |
| **TOTAL MANDATORY WORKS** | | | | | | **130.54** | **19,22,703** | |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **B - NET PRESENT VALUE** | | | | | | | | |
| **B-1** | **Activity as per Rule 5(2) of CAF Rules, 2018** | | | | | | | |
| 1 | 5(2)a | **ANR** | Advance Soil Works | - | - | - | - | - |
| | | | ANR Plantation Activities | Ha | 55.00 | 0.33 | 6,213 | Plant – Jun-Sept Maint.–Jul-Mar |
| | | | ANR Maintenance Activities | Ha | 329.00 | 1.07 | 20,146 | 12 months |
| | | | **Sub-Total - ANR** | | | **1.40** | **26,360** | |
| 2 | 5(2)b | **AR (Artificial Regeneration)** | **1. Advance Soil works** | Ha | 750.00 | 11.74 | 1,47,364 | Oct-Mar |
| | | | **2. Nursery/ Planting Stock** | | | | | |
| | | | (1) Preparation of nurseries/raising of plants | No. | 19,24,978 | 3.88 | 48,703 | Oct-Mar |
| | | | (2) Maintenance of Nurseries | No. | 66,41,768 | 5.00 | 73,222 | 12 months |
| | | | **3. Plantation Activities** | Ha | 730 | 4.22 | 61,808 | Jun-Sept |
| | | | **4. Watch and Ward (Plantation Maintenance)** | No. | 4179.05 | 8.27 | 1,55,649 | 12 months |
| | | | 5. Restoration of Degraded Forests (RDF) | Ha | 23,244 | 14.00 | 1,75,732 | 12 months |
| | | | 6. Community Plantations under Harela | No. of plants | 2,28,960 | 3.00 | 37,657 | July-Aug |
| | | | **Sub-Total - AR** | | | **50.11** | **700135** | |
| 3 | 5(2)d | **Protection of Plantations and forests** | 1. Survey Demarcation - DGPS Survey | Ha | LS | 10.00 | | 12 months |
| | | | **2. Fencing of sensitive forest areas** | | | | | |
| | | | Construction/ upgradation and maintenance of fencing | Km | 41.53 | 1.80 | 15,063 | Oct-Mar |
| | | | 3. Construction & Maintenance of watch towers | No. | 10 Nos. (New) 6 Nos. (Maint.) | 1.00 | 8,368 | Oct-Mar |
| | | | 4. a. Patrolling | Km/Nos. | 2324(km),104 Nos. | 1.00 | - | 12 months |
| | | | b. Purchase of equipment relevant to patrolling | No. & type | 279 | 1.00 | - | Oct-Mar |
| | | | 5.Microplanning & Combined microplanning of forests under Van Panchayats | No. of VPs | 677 | 1.00 | - | Oct-Mar |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| **Sub-Total - Protection of Plantations & Forests** | | | | | | **15.80** | **23431** | |
| 4 | 5(2)f | **Forest fire prevention and control operations** | 1. Fire lines | | | | | |
| | | | (1) Fire line creation | km | - | - | - | - |
| | | | (2) Fire line maintenance | km | 1,894 | 0.52 | 8,703 | Oct-Mar |
| | | | 2. Hiring of fire watchers | No. | 1,400 | 6.38 | 1,11,925 | Apr-Jun & Feb-Mar |
| | | | 3. Purchase of fire prevention/ fighting equipment | No. | 800 | 0.50 | - | Oct-Mar |
| | | | 4. Awareness campaigns for fire prevention | No. | 643 | 0.80 | - | Oct-Mar |
| | | | 5. Maintenance of fire Crew Stations and Master Fire Control rooms, Wireless repair | No. | 331 | 1.00 | - | Apr-Jun & Feb-Mar |
| | | | 6. Vehicle Hiring during fire season (04 months) | No. | 61 | 0.60 | - | Apr-Jun & Feb-Mar |
| | | | 7. Fire prevention activities in Van Panchayats | No. | 1,580 | 2.00 | 25,105 | Apr-Jun & Feb-Mar |
| | | | 8. other incidental activities for fire prevention & control activities | LS | LS | 0.20 | - | Apr-Jun & Feb-Mar |
| | | | **Sub-Total - Forest Fire Prevention** | | | **12.00** | **1,45,733** | |
| 5 | 5(2)g | **Soil and moisture conservation works** | 1. SMC structures - Treatment of Streams (As per DTR) | | | | | |
| | | | 2nd Year activities | No. of Streams (106) | 22 | 21.00 | 2,63,598 | Oct-Mar |
| | | | 3rd Year activities | | 69 | | | |
| | | | 4th/ Final Year activities | | 15 | | | |
| | | | 2. Conservation of Bugyals (alpine meadows) | Ha/Nos | 500 | 2.50 | 31,381 | Apr-Oct |
| **Sub-Total - Soil & Moisture Conservation Measures** | | | | | | **23.50** | **2,94,979** | |
| 6 | 5(2)i | **Improvement of wildlife habitat** | Habitat management for flora and Fauna | | | | | |
| | | | 1. Water resource management/water holes | No. | 314 | 0.75 | 9,414 | Oct-Mar |
| | | | 2. Maintenance works in Lantana & other invasive species removal | Ha | 1,590 | 1.50 | 18,828 | 12 months |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | area | | | | | |
| | | | Human wildlife conflict (HWC) management | Nos. | 12076 Nos. (cages, solar lights, equip, camera trap, drone, T. guns-, gears, bullets, Support to QRS, customized Veh for QRS etc., wireless etc.) | 8.60 | 35,983 | 12 months |
| | | | **3. Protection activities** | | | | | |
| | | | 1 Prevention of illicit felling, anti-poaching | LS | 1526 Km/Nos (Long dist. Patrolling, equipment, gears training & Awareness etc.) | 1.50 | 6,276 | 12 months |
| | | | 2. Forest Landscape Restoration (FLR) | Ha | 50000 | 21.50 | 3,14,854 | 12 months |
| | | | 3. Pasture Development in wildlife areas | Ha | 461.10 ha (incl. 161 ha maintenance) | 1.00 | 14,644 | Jul-Sept, Oct-Mar |
| | | | 4. Snow Leopard Conservation Center (ongoing) | No. | 1 | 2.00 | 16,736 | 12 months |
| **Sub-Total - Improvement of Wildlife Habitat** | | | | | | **36.85** | **4,16,736** | |
| 7 | 5(2)k | **Establishment and maintenance of animal rescue centre and veterinary treatment facilities for wild animals** | 1. Animal Rescue & Rehabilitation Center & maintenance | No. | 7 Nos. (4 Nos. Existing centers at Dhela, Ranibag, Chiriapur & Almora + 3 new transit/ rescue Centers at Pithoragarh, Champawat & Rudraprayag Divisions | 3.50 | 29,289 | Oct-Mar |
| | | | 2. food for rescued / captive wildlife under rehabilitation | No. | 4 Centers | 1.00 | | 12 months |
| **Sub-Total - Animal Rescue Center** | | | | | | **4.50** | **29,289** | |
| 8 | 5(2)m | **Management of biological diversity and biological resource** | 1. Creation of seed stock /Orchards and their maintenance | ha./No. | 21.10 | 0.20 | 2,929 | 12 months |
| | | | 2. Research plots & their maintenance | ha./No. | 218.02 | 3.69 | 46,318 | 12 months |
| | | | 3. Wildlife related Research incl. study on increasing incidents of HWC | Nos. | 2 | 1.00 | 6,061 | 12 months |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | with Bear etc. | | | | | |
| **Sub-Total - Management of Biological Diversity and Biological Resource** | | | | | | **4.89** | **55,307** | |
| **Sub-Total Rule 5(2) CAF Rules, 2018** | | | | **80.00%** | | **149.05** | **16,91,970** | |
| **B-2** | **Activities as per Rule 5(3) of the CAF Rule, 2018** | | | | | | | |
| 9 | 5(3)a | **Establishment, Maintenance of modern nurseries** | Detailed estimate of nursery | No. | 3 | 1.00 | 14,644 | Oct-Mar |
| 10 | 5(3)c | **Purchase and maintenance of equipment of devices for communication, information and technology** | 1. Purchase of computers, wireless etc. | No. | 190 | 1.00 | - | Oct-Mar |
| | | | 2. Others (Please Specify)-Software, programming etc. | - | LS | 0.50 | - | Oct-Mar |
| 11 | 5(3)d | **Construction, upgradation and maintenance of inspection paths, forest roads in forest areas, fire line, watch towers, check posts and timber posts** | 1. Maintenance of Forest roads/Bridle Path | km | 1,795 km | 8.00 | 1,00,418 | Oct-Mar |
| | | | 2. Check Posts | No. | 13 | 0.60 | 5,021 | Oct-Mar |
| 12 | 5(3)e | **Construction of residential and official buildings, Forest Line** | 1. Quarters/offices for Frontline Staff (upto Range Office level) | No. | Integrated Chowki - 12 Nos. | 17.00 | 1,42,259 | 12 months |
| | | | 2. Maintenance of frontline staff buildings constructed under CAMPA in previous years | No. | 40 Nos. | 1.00 | 8,368 | Oct-Mar |
| 13 | 5(3)g | **Survey and mapping** | Boundary Pillars | No. | 3571 (2892 New, 679 repair) | 2.41 | 20,167 | Oct-Mar |
| 14 | 5(3)h | **Independent concurrent monitoring and third-party monitoring** | Monitoring & Evaluation (TPM / Internal/ Concurrent monitoring | | TPM (2021-22 to 2024-25) Internal/ concurrent (2025-26 & 2026-27) | 0.50 | 6,276 | 12 months |
| 15 | 5(3)i | **Publicity cum awareness programme** | 1. Publicity and awareness programmes for common people | No. | 823 | 2.00 | | 12 months |
| | | | 2. Training of staffs | No. | 1131 | 2.25 | | 12 months |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3. Strengthening of Training Facilities | No. | 4 Nos (FTA Haldwani; Kalagarh; Kalsi; Manthan, Dehradun | 1.00 | 8,368 | Oct-Mar |
| | | **Sub-Total 5(3)** | | **20.00%** | | **37.26** | **3,05,523** | |
| **Total NPV - 5(2)+5(3)** | | | | | | **186.31** | **19,97,493** | |
| **C** | **ACCRUED INTEREST** | | | | | | | |
| **C-1** | **Activities as per Rule 6(a) of CAF Rules, 2018** | | | | | | | |
| 1 | 6(a)i | **To offset incremental cost of CA/PCA at increased wage rate** | | ha | As per actuals | 2.35 | 29,498 | 12 months |
| 2 | 6(a)ii | **To offset increment cost of CAT at increased wage rate** | | No. | - | - | - | - |
| 3 | 6(a)iii | **To offset incremental cost of IWMP at increased wage rate** | | Ha | - | - | - | - |
| 4 | 6(a)iv | **For disbursement of salary and allowances of members and staff** | - | No. | Salaries | 4.00 | - | 12 months |
| 5 | 6(a)v | **For disbursement of sitting fees and allowances to nominated members** | - | No. | As per actuals | 0.05 | - | 12 months |
| 6 | 6(a)vi | **Activities referred to in sub rule-(2) and (3) of Rule 5** | - | - | - | - | - | - |
| | | **Sub-Total 6(a)** | | | | **6.40** | **29498** | |
| **C-2** | **Activities as per Rule 6 (b) of CAF Rules, 2018** | | | | | | | |
| 7 | 6(b)i | **Management of office establishment** | - | No. | As per actuals | 1.00 | - | 12 months |
| 8 | 6(b)ii | **Office equipment including computers and** | - | No. | As per actuals | 0.25 | - | 12 months |

| S.No. | CAF Act/ Rules | Activity | Sub-activities | Unit | Physical Target | Proposed Financial Targets (In Crore) | Estimated Employment Generation (No. of man days) | Timeline |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | peripherals and its maintenance | | | | | | |
| 9 | 6(b)iii | Hiring of staff cars for the use of officers and officials | - | No. | As per actuals | 0.10 | - | 12 months |
| 10 | 6(b)v | Other contingencies for management of State Authority | - | No. | As per actuals | 0.40 | - | 12 months |
| 11 | 6(b)vi | Any other activity for management of forests and wildlife with the approval of Steering Committee and included in the APO | - | - | - | - | - | - |
| | | **Sub-Total 6(b)** | | | | **1.75** | **0.00** | |
| | | **Total Interest** | | | | **8.15** | **29498** | |
| **GRAND TOTAL** | | | | | | **325.00** | **3949694** | |

## ऐजेन्डा 15.4: कैम्पा कार्यों का तृतीय पक्ष अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

समिति के समक्ष कैम्पा गतिविधियों के तृतीय पक्ष अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्यगणों का अवगत कराया गया कि भारतीय वन प्रबंध संस्थान (IIFM) भोपाल द्वारा वर्ष 2017–18 से 2020–21 की अवधि में प्रदेश में कैम्पा के अंतर्गत कराये गये कार्यों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 से 01 जुलाई, 2025 के मध्य मूल्यांकन का कार्य किया गया। गतिविधियों के क्रियान्वयन के उपरांत चतुर्थ वर्ष से सातवें वर्ष के अंतराल में विभिन्न गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया जिसमें डाटा के एकत्रीकरण हेतु 43 वन प्रभागों की कुल 247 रेंज में फील्ड भ्रमण किया गया।

IIFM द्वारा प्रेषित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन की रिपोर्ट के अनुसार रोपण क्षेत्रों में कुल औसत सफलता प्रतिशत 53% पायी गई जो कि औसत मानक–38.12% से अधिक है। किसी रोपण प्लॉट की अधिकतम सफलता 69.94% तथा न्यूनतम सफलता 35.71% की पाई गई है। समस्त रोपण क्षेत्रों के मूल्यांकन में 16% रोपण क्षेत्रों की सफलता 60–70 %, 71% क्षेत्रों की सफलता 50–60 %, 12% क्षेत्रों की सफलता 40–50% तथा 01 प्रतिशत से कम क्षेत्रों की सफलता 40% से कम सफलता की श्रेणी में पाई गई है।

इसी क्रम में सदस्यगणों को यह भी अवगत कराया गया कि संचालन समिति द्वारा दिनांक 30.09.2025 को संपन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में वर्ष 2021–22 से 2024–25 के मध्य क्रियान्वित गतिविधियों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का कार्य IIFM को दिया गया है। समिति उक्त से अवगत हुई।

इसी क्रम में विशेष आमंत्री प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबंधन, उत्तराखण्ड द्वारा सुझाव दिया गया कि वर्षा जल संरक्षण हेतु 03 वर्षीय योजनाओं के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु पृथक से किसी सक्षम संस्थान की सहायता से कार्य प्रगति तथा उक्त कार्यों के प्रभाव का अध्ययन कराया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि इस संबंध में अपर प्रमुख वन संरक्षक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं प्रबंधन, उत्तराखण्ड कार्यालय के माध्यम से अध्ययन कराया जाये।

## ऐजेन्डा 15.5: कैम्पा लेखों के लेखापरीक्षा प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति

समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 की ऑडिट रिपोर्ट/वार्षिक लेखे विधान सभा के पटल पर रखे जाने हेतु शासन को प्रेषित किये जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 का महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड द्वारा ऑडिट कार्य पूर्ण किया गया है जिसकी ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त होनी शेष है। वित्तीय वर्ष 2024–25 का ऑडिट कार्य महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 07 जनवरी, 2026 से गतिमान है।

## ऐजेन्डा 15.6: कैम्पा निधि में उपलब्ध धनराशि व अर्जित ब्याज की अद्यतन स्थिति

बैठक के अंत में कार्यकारी समिति के समक्ष राज्य में उपलब्ध कैम्पा निधि का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत अवगत कराया गया कि दिनांक 31.03.2025 को कैम्पा निधि में उपलब्ध धनराशि रू0 2875.26 करोड़ रू0 है जिसमें वर्ष 2024–25 के अंतर्गत CAF Fund पर प्राप्त ब्याज की धनराशि रू0 110.79 करोड़ सम्मिलित है। उक्त के अतिरिक्त भूमि हस्तांतरण प्रकरणों के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025–26 में राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार से रू0 156.52 करोड की धनराशि प्राप्त हुई है। समिति उक्त से अवगत हुई।

## ऐजेन्डा 15.7: अन्य बिन्दु

1. FLR के अंतर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में वन्यजीवों से जान–माल की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यों के क्रियान्वयन का अधिकाधिक प्रयास किया जाये।

2. गत वर्षों में कैम्पा के अंतर्गत कराये गये विभिन्न गतिविधियों के विधिवत documentation हेतु मुख्य वन संरक्षक, प्रचार प्रसार, उत्तराखण्ड के माध्यम से विभिन्न प्रभागों के अंतर्गत high quality फोटोग्राफ्स तथा HD विडिया (2 से 3 मिनट) तैयार कराए जायें।

बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद के साथ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गई।

अनुमोदित

(रंजन कुमार मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड
एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति,
उत्तराखण्ड कैम्पा


**उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा)**

**UTTARAKHAND COMPENSATORY AFFORESTATION FUND MANAGEMENT & PLANNING AUTHORITY (UK CAMPA)**

(प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) की धारा 10(1) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अधिसूचित

(Notified by Govt. of India under the section 10(1) of the Compensatory Afforestation Fund Act, 2016 (38 of 2016)

85–राजपुर रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड– 248001: दूरभाष/फैक्स : 0135–2744077

85-Rajpur Road, Dehradun, Uttarakhand – 248001 Tele/Fax: 0135-2744077 Email: ceocampa-forest-uk@nic.in, Website :www.ukcampa.org.in


पत्रांक– 770 /15th EC Minutes/2025-26 दिनांक 17 जनवरी, 2026

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड
2. प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबंधन, उत्तराखण्ड
3. अपर प्रमुख वन संरक्षक, शोध, प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन, उत्तराखण्ड।
4. अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव प्रशासन एवं आसूचना, उत्तराखण्ड।
5. मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन विकास अभिकरण, उत्तराखण्ड।
6. अपर सचिव, पर्यावरण / वित्त / नियोजन / ग्राम्य विकास / कृषि / राजस्व / विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पंचायती राज, जनजाति विकास उत्तराखण्ड शासन।
7. वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड कैम्पा, देहरादून।
8. श्री एस0टी0एस0 लेप्चा, जनजाति मामलों के विशेषज्ञ, देहरादून।

( सुबोध काला )
उप–मुख्य कार्यकारी अधिकारी
उत्तराखण्ड कैम्पा

**पत्रांकः– 770 /15th EC minutes, तद्दिनांकित**

**प्रतिलिपिः** प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा को सूचनार्थ प्रेषित।

उप–मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड कैम्पा